दिन– शुक्रवार | दिनांक– 02/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया – घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस की कीमतों में नहीं हुआ है कोई बदलाव।

02 उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। कल पटना उच्च न्यायालय में आधारभूत संरचनाओं से संबंधित कई परियोजनाओं की रखेंगे आधारशिला।

03. सात निश्चय योजना के तहत पटना में आधुनिक स्पोर्ट्स सिटी की स्थापना की जाएगी। क्षेत्रीय स्तर पर लोकप्रिय खेलों के अनुरूप जिलों में बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में कड़ाके की ठंढ़ का सिलसिला जारी। पांच दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सहरसा का अगवानपुर सबसे ठंडा स्थान रहा।

————————————————————————

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में एक सौ ग्यारह रुपये की वृद्धि संबंधी मीडिया की खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण जारी किया है। मंत्रालय ने कहा कि व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमत बाजार तय करता है और यह अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क से जुड़ी हुई है।

————————————————————————

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत आज दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंच गए हैं। आज उनके सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया गया है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

———रिपोर्ट———

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत कल पटना उच्च न्यायालय परिसर में कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। वे न्यायिक अधिकारियों के लिए विकसित किए गए प्रौद्योगिकी सक्षम, ईएसीआर न्याय का उद्घाटन करेंगे। मुख्य न्यायाधीश वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से गयाजी स्थित न्यायाधीश अतिथि गृह का उद्घाटन भी करेंगे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत कल पटना में चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। समारोह में एक हजार से अधिक विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

---

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने प्रशासनिक और अर्ध–न्यायिक कार्यों में समानता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए दिशा–निर्देश जारी किये हैं। विभाग के प्रधान सचिव सी. के. अनिल ने इस संबंध में सभी समाहर्ता और राजस्व अधिकारियों को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि सभी राजस्व पदाधिकारी संविधान के अनुच्छेद चौदह और समता सिंद्धात का अनिवार्य रूप से पालन करेंगे, ताकि एक जैसे मामलों में एक समान निर्णय हो सके। पत्र में कहा गया है कि भूमि विवाद, दाखिल–खारिज, जमाबंदी कायम करने, पट्टा देयता और अतिक्रमण हटाने से जुड़े मामले में एकरूप, निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई होनी चाहिए।

---

प्रदेश की सभी पंचायतों में विवाह भवन के निर्माण के लिए पंचायती राज विभाग ने दो नक्शों को स्वीकृति दी है। विभाग के सचिव मनोज कुमार ने बताया कि प्रत्येक विवाह भवन दो हजार दो सौ वर्गफीट में बनेगा और इस पर उनचास लाख रुपये से अधिक की लागत आएगी। उन्होंने बताया कि सभी जिलाधिकारियों को नक्शा उपलब्ध करा दिया गया है।

---

सात निश्चय योजना के तहत पटना में आधुनिक स्पोर्ट्स सिटी की स्थापना की जाएगी। खेल विभाग ने वर्ष दो हजार छब्बीस में खेलों के विकास के लिए खाका पेश किया है। इसके तहत राज्य के सभी जिलों में क्षेत्रीय स्तर पर लोकप्रिय खेलों के अनुरूप सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का भी फैसला किया गया है। साथ ही ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष चौंसठ एकलव्य खेल केंद्र क्रियाशील किये जायेंगे। इसके अलावा, बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार तकनीकी सेवा आयोग और बिहार कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से खेल विभाग में बड़े पैमाने पर नियुक्ति करने का भी लक्ष्य रखा है।

---

मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत राज्य के घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है, जिससे नब्बे प्रतिशत घरों का बिजली बिल शून्य हो गया है। वर्ष दो हजार पच्चीस में ऊर्जा विभाग की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए विभागीय सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बिजली वितरण

हानि घटकर राष्ट्रीय औसत से कम हो गयी है। उन्होंने कहा कि वितरण कंपनियों को रिकॉर्ड लाभ हुआ है। वहीं, अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश से राज्य में रोजगार के नये अवसर भी सृजित हुए हैं।

———————————————————————

प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास रूम बनाया जाएगा। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने चालू वित्तीय वर्ष में दो हजार एक सौ सात प्रारंभिक और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में स्मार्ट क्लास बनाने का फैसला किया है। इसके लिए प्रति विद्यालय एक लाख बीस हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गयी है।

———————————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बिहार सहित सभी राज्यों में तंबाकू खाने वाले युवाओं के सर्वे कराने का फैसला किया है। इस संबंध में मंत्रालय ने दिशा–निर्देश जारी कर दिया है। दिशा–निर्देश में कहा गया है कि इस सर्वे का उद्देश्य तंबाकू के उपयोग के पैटर्न को जानना है। इस सर्वे के बाद तंबाकू नियंत्रण के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। कार्यक्रम की निगरानी का जिम्मा राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र को सौंपा गया है।

———————————————————————

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि नक्सवाद छोड़कर समाज की मुख्य धारा में जुड़े चुके लोगों को सरकार की योजनाओं के तहत सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि पूर्व नक्सलियों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

———बाइट———

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि साइबर अपराध और ड्रग्स के बढ़ रहे दायरे पर अंकुश लगाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

———बाइट———

———————————————————————

पटना के दानापुर में पुलिस ने कुख्यात अपराधी मैनेजर राय को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी

कार्रवाई में अपराधी को पैर में गोली लगी है। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के खिलाफ बीस से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

---बाइट---

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित कुम्हरार पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, विकास और सुदृढ़ीकरण को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस.एम. सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारी उपस्थित थे।

---

केंद्र सरकार ने आयकर विभाग द्वारा लोगों की व्यक्तिगत डिजिटल गतिविधि, ऑनलाइन खर्च या जीवनशैली से जुड़ी जानकारी ट्रैक किए जाने संबंधी दावा करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट का खंडन किया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि किसी व्यक्ति की डिजिटल या ऑनलाइन गतिविधि की निगरानी के लिए आयकर विभाग ने कोई तंत्र नहीं बनाया है। वहीं, सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रही उस खबर का भी खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक इस साल मार्च तक पांच सौ रुपये के नोटों का प्रचलन बंद कर देगा। पीआईबी ने कहा है कि यह दावा फर्जी है और आरबीआई ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की है।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में कड़ाके की ठंढ़ का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान औसत तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी की संभावना है। उसके बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक बार फिर एक से लेकर तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। विभाग ने कल सुबह सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले समेत राज्य के पश्चिमी हिस्सों में घना कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान जताया है।

---बाइट---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान पांच दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

पूर्वी चंपारण जिले के हरैया थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में प्रवेश कराने में सहयोग करने वाले एक भारतीय नागरिक की भी गिरफ्तारी हुई है। इनके पास से भारतीय, नेपाली, बांग्लादेशी और अमेरिकन मुद्रा बरामद की गयी है।

---

बेगूसराय जिले के तेघड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुलारपुर स्थित पंचायत भवन के पास से पुलिस ने दो अपराधियों को तीन देशी पिस्तौल, कारतूस और तेरह हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया।

---

भागलपुर जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के आदर्श नगर गांव में पुलिस ने नशे की सामाग्री और हथियारों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

सुपौल जिले के पिपराही सीमा चौकी से एसएसबी और पुलिस की टीम ने दो सौ अड़तीस लीटर से अधिक नेपाली शराब बरामद की है। वहीं, पूर्वी चंपारण जिले के कोटवा थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। दूसरी तरफ अररिया जिले के कुर्साकांटा बाजार से पुलिस ने भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

---

रोहतास जिले के दरिगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत धनपुरवां गांव में एक मोटर साईकिल अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। हादसे में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

कृषि विभाग ने उर्वरक की कालाबाजारी के आरोप में पटना जिले के नौबतपुर प्रखंड की करंजा पंचायत स्थित एक दुकान का लाइसेंस रद्द कर दिया है।

---

कैमूर जिले में भारतमाला परियोजना के तहत बन रहे बनारस–रांची–कोलकता एक्सप्रेस–वे के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं मिलने से नाराज किसानों ने निर्माण कार्य रूकवा कर प्रदर्शन किया।

---

मधेपुरा समाहरणालय परिसर में अट्‌ठाईस जनवरी से तीस जनवरी के बीच पासपोर्ट सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। पासपोर्ट बनवाने के इच्छुक लोग शिविर में आवेदन कर सकते हैं।

---

भगवान बिरसा मुंडा के संदेशों को आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से अट्‌ठाईस दिसंबर को रांची से नई दिल्ली के लिए निकली वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथन रैली आज सासाराम पहुंची। एनसीसी की बयालीसवीं बिहार बटालियन परिसर में रैली का स्वागत किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया – घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस की कीमतों में नहीं हुआ है कोई बदलाव।

02 उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। कल पटना उच्च न्यायालय में आधारभूत संरचनाओं से संबंधित कई परियोजनाओं की रखेंगे आधारशिला।

03. सात निश्चय योजना के तहत पटना में आधुनिक स्पोर्ट्स सिटी की स्थापना की जाएगी। क्षेत्रीय स्तर पर लोकप्रिय खेलों के अनुरूप जिलों में बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में कड़ाके की ठंढ़ का सिलसिला जारी। पांच दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सहरसा का अगवानपुर सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।